# कृषि प्राद्यौगिकी प्रबंधन अभिकरण, “ATMA” गढ़वा अंतर्गत कम्प्यूटर ज्ञान परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों हेतु दिशा–निर्देश

कृषि प्राद्यौगिकी प्रबंधन अभिकरण, “ATMA” , गढ़वा अंतर्गत प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक (BTM), सहायक तकनीकी प्रबंधक (ATM) एवं लेखापाल–सह–लिपिक के रिक्त पदों पर संविदा आधारित नियुक्ति हेतु दिनांक 27.07.2026 को कम्प्यूटर ज्ञान परीक्षा का आयोजन नये समाहणालय भवन, कल्याणपुर, गढ़वा के तृतीय तल पर अवस्थित सूचना एवं विज्ञान केन्द्र में किया गया है। कम्प्यूटर ज्ञान परीक्षा 45 मिनट की होगी। प्रत्येक पद के लिए अलग–अलग समय पर परीक्षा आयोजित की जाएगी।

परीक्षा का Reporting Time एवं Exam Time की विवरणी अभ्यार्थीयों के प्रवेश पत्र में अंकित है। सभी अभ्यर्थी दिनांक 27.07.2026 को अपने निर्धारित Reporting Time पर परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित होना सुनिश्चित करेगें। विलंब से आने वाले अभ्यर्थी को परीक्षा में सम्मिलित होने का अवसर प्रदान नहीं किया जाएगाा।

जिन्होने एक से अधिक पद के लिए आवदेन किया है उन्हें प्रत्येक पद के लिए अलग–अलग कम्प्यूटर ज्ञान परीक्षा में सम्मिलित होना अनिवार्य होगा।

कम्प्यूटर ज्ञान परीक्षा के लिए पदवार योग्य आवेदनों की सूची के अभ्यर्थियों का प्रवेश–पत्र गढ़वा जिले के वेबसाईट www.garhwa.nic.in पर जारी किया जा रहा है। अभ्यर्थी दो प्रति में अपना प्रवेश–पत्र डाउनलोड कर तथा अपना पासपोर्ट आकार का फोटो उचित स्थान पर चिपका कर परीक्षा केन्द्र पर अनिवार्य रुप से लेते आऐंगे। अपना पहचान के लिए कोई भी फोटो युक्त पहचान पत्र (पैन कार्ड / आधार कार्ड / ड्राईविंग लाईसेंस / पासपोर्ट आदि में से कोई एक) साथ में रखेंगे।

कम्प्यूटर ज्ञान परीक्षा में अनुपस्थित रहने वाले अभ्यर्थी की अभ्यर्थिता समाप्त कर दिया जाएगा एवं उनके लिए पुनः कम्प्यूटर ज्ञान परीक्षा का आयोजन नहीं किया जाएगा और न ही उनके किसी भी दावे पर विचार किया जाएगा।